## गुढ़ सब्जी मंडी मोड़ बना डेंजर जोन, आए दिन हो रहे हादसे

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, नगर परिषद गुढ़ के मुख्य मार्ग से सब्जी मंडी की ओर मुड़ने वाला मार्ग इन दिनों वाहन चालकों के लिए काल का ग्रास साबित हो रहा है. सब्जी मंडी मोड़ पर सड़क का उतार और चढ़ाव तकनीकी रूप से इतना असुरक्षित है कि यहाँ आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं.**



इसी क्रम में आज फिर एक बड़ा हादसा होते-होते बचा, जब एक स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर सीधे नाली में जा गिरा. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आज एक स्कूटी सवार ने जैसे ही मुख्य मार्ग से सब्जी मंडी की ओर अपनी गाड़ी मोड़ी अत्यधिक ढलान के कारण वह संतुलन खो बैठा. मंडी की ओर से मुख्य मार्ग पर चढ़ते समय यदि कोई वाहन विशेषकर दोपहिया बीच में बंद हो जाए, तो पीछे की ओर ढलान इतनी तीव्र है कि चालक गाड़ी संभाल नहीं पाता. आज की घटना में स्कूटी सवार सीधे मार्ग के किनारे बनी गहरी नाली में जा गिरा,जिससे उसे चोटें आई हैं और वाहन को भी क्षति पहुँची है. अत्यधिक ढलान मंडी की तरफ से मुख्य मार्ग पर आने वाली चढ़ाई मानक से कहीं अधिक ऊँची है. सड़क के ठीक किनारे बनी नाली खुली और असुरक्षित है. गाड़ी पीछे खिसकने या संतुलन बिगड़ने पर सीधे नाली ही एकमात्र पड़ाव बचता है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण के समय मोड़ और ढलान के अनुपात का ध्यान नहीं रखा गया. स्थानीय लोगो और व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समस्या के बारे में पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, किंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है.

## गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या वाले ग्रामों में विशेष निगरानी रखी जाए

### पेयजल समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की होगी मरम्मत

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 30 अप्रैल, मऊगंज जिले के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या वाले ग्रामों में विशेष निगरानी रखकर समुचित व्यवस्थायें कराने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.**



कलेक्ट्रेट में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन की उपस्थिति में निर्देश दिये गये कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा समस्या ग्रस्त ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था कराई जाय. नगरीय निकाय मऊगंज में जल प्रदाय परियोजना की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि मऊगंज कस्बे के मुख्य मार्ग में सड़क चौड़ीकरण के कारण जो नल कनेक्शन टूट गये हैं उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाय. जिन स्थलों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण जल प्रदाय में अवरोध हो रहा है वहां हैण्डपंप व मोटर के माध्यम से जल आपूर्ति कराई जाय. बैठक में निर्देश दिये गये कि नगरीय क्षेत्र के वार्डों में जिन हैण्डपंप में जल स्त्रोत नीचे चला गया है वहां राइजल पाइप बढ़ाकर हैण्डपंप को दुरूस्त किया जाय. साथ ही बिगड़े हैण्डपंपों को शीघ्र सुधारा जाय तथा जिन हैण्डपंप का पानी पीने योग्य नहीं हो उसमें लाल कलर से मार्किंग करें. ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं मैकेनिकल खण्ड द्वारा एकल व समूह ग्राम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. बैठक में निर्देश दिये गये कि ग्रामीण नल जल योजनाओं का व्यवस्थित ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाय. जल स्तर घटने से जो जल स्त्रोत नीचे चले गये हैं वहां अधिक क्षमता का पंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाय. इस अवसर पर बताया गया कि जिले में कुल 302 स्वीकृत एकल ग्राम योजनाओं में से 175 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 127 योजनाएं प्रगतिरत हैं. इनमें से 159 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हस्तांरित की जा चुकी हैं. मऊगंज के 14, हनुमना के 17 तथा नईगढ़ी के 13 ग्राम शामिल हैं जहां पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है. बैठक में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम एपी द्विवेदी मौजूद रहे.



## भीटा गांव में कटीले तारों में उतरा करंट, तीन मवेशियों की मौत

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीटा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है.**

जहाँ खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए कटीले तारों में करंट प्रवाहित होने से तीन मवेशियों की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार भीटा गांव में एक खेत की मेड़ पर मवेशियों को अंदर आने से रोकने के लिए कटीले तार लगाए गए थे. अज्ञात कारणों से इन तारों में विद्युत करंट उतर आया. जब मवेशी इन तारों के संपर्क में आए तो वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही तीनों मवेशियों की मृत्यु हो गई. घटना की सूचना मिलते ही विद्युत वितरण केंद्र गुढ़ के कनिष्ठ अभियंता रमाशंकर पाठक अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कदम उठाए. कनिष्ठ अभियंता रमाशंकर पाठक द्वारा इस घटना की आधिकारिक सूचना गुढ़ पुलिस को दे दी गई है. पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है. विद्युत विभाग और पुलिस जांच कर रही है.

## गंगाजल संवर्धन अभियान के तहत हुई संगोष्ठी

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में गंगाजल संवर्धन अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही. कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. अमित मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें गंगा जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई.

अपने उद्बोधन में उन्होंने गंगा मां को जीवनदायिनी एवं मुक्ति की देवी बताते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया. प्राचार्य श्रीमती रेखा मिश्रा ने अपने संबोधन में गंगाजल के संरक्षण, जल के महत्व को समझने और उसे संचित करने के उपायों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए. वहीं डॉ. व्यास नारायण मिश्र ने गंगा जल संवर्धन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सतत विकास और वॉटर हार्वेस्टिंग के महत्व को विस्तार से समझाया. इसके साथ ही डॉ. रामेश्वर सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विश्व की अधिकांश सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है.

उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, जल संरक्षण तकनीकों, टीडीएस की मात्रा तथा गंगा जल संकट से निपटने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी.

## काटे गए कनेक्शन

**गुढ़, 30 अप्रैल,** पूर्व संभाग के अंतर्गत वितरण केंद्र गुढ एवं गोविंदगढ़ में नगर पालिका के ऊपर 10 लाख एवं 4 लाख विद्युत बकाया राशि होने कारण कनिष्ठ अभियंता द्वारा स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया गया है. जिसके कारण नगर में अंधेरा छाया रहा. नगर पालिका को दिया गया नोटिस बकाया बिल जमा करने हेतु ,फिर नगरपालिका द्वारा समय पर बिल जमा नहीं किया. इसलिए विद्युत विभाग की टीम ने कनेक्शन विच्छेद कर दिया है.

## आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई. बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई.**



बैठक के दौरान गुढ़ क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया. पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारियों में प्रदेश सचिव सुधांशु दुबे, जिला अध्यक्ष रीवा सतीश तिवारी, जिला सह सचिव नरेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी इंद्रभान उपाध्याय, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राणा सिंह तिवारी, जिला सचिव विंग अजय सिंह परिहार, राहुल सिंह परिहार, संतोष त्रिपाठी (गुड्डा), मोहम्मद सोहराब खान, अमीश खान एवं मीडिया प्रभारी आदित्य पाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे. बैठक में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया.



## तेज आंधी के साथ हुई बारिश

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, बेमौसम हुई बारिश से फसलो को जहा नुकसान हुआ है. वही तापमान में गिरावट आने के साथ गर्मी से राहत मिली है. पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही थी, तापमान 44 डिग्री पहुंच गया था. लेकिन आंधी के साथ हुई बारिश से गेंहू के साथ प्याज की फसल को नुकसान हुआ है.**

गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली. आसमान में घने बादल छा गए और दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया. शुरुआत में तेज हवाएं चलीं, जिसके बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई.जहां पिछले कई दिनों से तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था, वहीं आज अचानक गिरकर लगभग 26 डिग्री तक पहुंच गया. इस अचानक बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानों के लिए यह मौसम आफत बन गया है. तेज आंधी और बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं. कई जगह फसल गिरने और नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि मौसम का यह अचानक बदला मिजाज अप्रत्याशित था, जिससे जनजीवन भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ. फिलहाल बारिश का सिलसिला जारी है और प्रशासन की ओर से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने की अपील की जा रही है.

## राजस्व में मनमानी का खेल

**हनुमना, 30 अप्रैल,** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के हल्का गोइडांर के ग्राम कोन का है जहां एक तरफ वेदांती प्रसाद शुक्ला घर से निकलने के मुख्य रास्ता को लेकर तहसील से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक चक्कर लगा रहे हैं. लेकिन यही दूसरे तरफ पटवारी और आरआई के द्वारा पैसा लेकर उल्टा नक्शा तरमीम कर दिया गया हैद्य जिसमें रास्ता होना चाहिए पर रास्ता गायब कर दिया गया है. गजब की बात तो यह है कि आज तक कोई पटवारी बताने को यह भी नहीं तैयार है कि किसके माध्यम से तरमीम किया गया है और इतना ही नहीं अभिलेख में जहां पटवारी की दस्तक होनी चाहिए वहां पर किसी की दस्तक भी नहीं है और व्हाइट मार्किंग मार दी गई है. कमाल की बात तो यह है कि हाल में ही नक्शा में छेड़छाड़ करके जो नक्शा द्यतरमीम किया गया उसमें डेट 2017 का डाला गया है जबकि वेदांती प्रसाद शुक्ल के पास 2024 और 2026 की जो नकल है उसमें कोई तरमीम नहीं है. इतना ही नहीं नक्शा में मन गढ़ंत तरीके से प्रकरण भी डाल दिया गया है जबकि नक्शा में डाला हुआ प्रकरण कभी तहसील में चला ही नहीं और दूसरी तरफ रास्ता तरमीम कराने के लिए के लिए वेदांती प्रसाद शुक्ला भटक रहे है.

## गोरगी में आंगनबाड़ी केंद्र पर अतिक्रमण से निर्माण कार्य बाधित, सरपंच ने तहसीलदार से लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगी में शासकीय कार्यों में बाधा और अतिक्रमण का एक गंभीर मामला सामने आया है.**

ग्राम पंचायत गोरगी के सरपंच बैजनाथ साकेत ने तहसीलदार गुढ़ अरुण यादव को एक आवेदन सौंपकर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है. सरपंच द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत गोरगी के आराजी नंबर 1583, जो कि मध्य प्रदेश शासन की भूमि दर्ज है, वहां आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है. निर्माण के दौरान यह पाया गया कि स्थानीय निवासी बाबूलाल साकेत पिता वनस्पति साकेत ने आंगनबाड़ी के सामने के मुख्य गेट की ओर पिछले 3 वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है. इतना ही नहीं आंगनबाड़ी के पीछे की तरफ भी बाउंड्रीवाल की जगह पर अवैध रूप से घर का निर्माण कर लिया गया है. सरपंच बैजनाथ साकेत ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमणकारी को कई बार नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई थी,लेकिन संबंधित व्यक्ति द्वारा अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है.

इस हठधर्मिता के कारण आंगनबाड़ी की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे शासकीय राशि का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है और बच्चों की सुरक्षा के लिए बन रही दीवार का कार्य अधर में लटका है. पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई.

### तहसीलदार से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

तहसीलदार गुढ़ को सौंपे गए शिकायती पत्र में सरपंच ने निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राजस्व अमले को मौके पर भेजा जाए और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए, ताकि बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पुन: शुरू हो सके और शासकीय योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके . तहसीलदार ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है . देखना यह है कि आगे कार्यवाही होती है .

## वर्षा से बचाव के लिए उपार्जन केन्द्रों में की गई आवश्यक व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 30 अप्रैल, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन प्रारंभ हो गया है. जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में किसानों का गेंहू उपार्जित किया जा रहा है.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं. उन्होंने कहा है कि आगामी तीन-चार दिनों में भी वारिश की आशंका है अत: उपार्जन केन्द्रों में पानी के बचाव की सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें. आज हुई असमय वर्षा से गेंहू के बचाव के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थायें की गयी. उपार्जित गेंहू को पॉलीथीन से ढ़ककर सुरक्षित रखने के उपाय सुनिश्चित कराये गये. इसी के साथ अधिकारियों द्वारा विभिन्न खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर वर्षा से बचाव के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया.

## जनपद सीईओ ने पंचायतों का किया निरीक्षण, थमाया नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 30 अप्रैल, जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में रीवा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पंचायतों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है.**

इसी कड़ी में कलेक्टर रीवा के साथ-साथ जनपद पंचायत के अधिकारियों ने भी मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमवा-5, खैरा, पतौता बरशैता में उस समय हड़कंप मच गया, जब जनपद सीईओ प्रदीप दुबे औचक निरीक्षण के लिए पंचायत भवन पहुँचे. निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन से रोजगार सहायक एवं बरशैता सचिव अनुपस्थित पाए गए और पंचायत भवन में ताला लटका हुआ था. सीईओ प्रदीप दुबे ने कार्यालय में रोजगार सहायक की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की।जब संबंधित कर्मचारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने न केवल फोन रिसीव किया बल्कि अपने कार्यस्थल से बिना किसी सूचना के नदारद मिले. शासकीय कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने मौके पर ही संबंधित रोजगार सहायक के विरुद्ध तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.जनपद सीईओ प्रदीप दुबे ने स्पष्ट किया है कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर पर सुचारू रूप से होना चाहिए. यदि कोई भी कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहता या जनता के कार्यों में लापरवाही बरतता है, तो उसके कार्रवाई की जाएगी.

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 30 अप्रैल, मऊगंज जिले के ग्राम जमुनिया कोठार में स्वर्गीय वंशरूप द्विवेदी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री द्विवेदी के सुपुत्र डीएसपी राघवेन्द्र द्विवेदी एवं पुत्रवधू प्राचार्य श्रीमती उषा द्विवेदी प्राचार्य के द्वारा मऊगंज क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों का मंच पर शाल एवं श्रीफल के साथ सम्मान किया गया.**



इस मौके पर क्षेत्र के भारी संख्या में क्षेत्र के अनेक गणमनया एवं प्रतिष्ठित नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अनेक अधिकारी व कर्मचारी तथा वरिष्ठ जन उपस्थित रहे. सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से शिक्षा जगत से जुड़ी जिन अवकाश प्राप्त विभूतियों का विशिष्ट सम्मान किया गया. उनमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रीवा विभाग के विभाग संघचालक तथा अवकाश प्राप्त प्राध्यापक, डॉ रवि प्रताप द्विवेदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक रामाधार द्विवेदी, अवकाश प्राप्त प्राचार्य रामकृष्ण मिश्रा, रामहित पटेल, अनिरुद्ध उपाध्याय, मोहन त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्रा,नाथूराम पांडे, संतोष चौबे, चंद्रशेखर शास्त्री, चिंतामणि पांडे, रघुवर तिवारी, कलिका प्रसाद साकेत, शंकर प्रसाद वर्मा, राम बहादुर तिवारी,जयप्रकाश त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिपाठी, बालेन्द्र शेखर मिश्रा, आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय रहे. इस अवसर पर डीएसपी श्री द्विवेदी प्राचार्य श्रीमती द्विवेदी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि हम ऐसे योग्य पिता की संतान है जिनका यह एकमात्र राष्ट्रवाद समाज सेवा रहा है.

## महिला आरक्षण बिल को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 30 अप्रैल, कांग्रेस की जिला समन्वय समिति की बैठक हुई आयोजित, जिले के प्रभारी की उपस्थित में महिला आरक्षण बिल 2023 को तत्काल लागू करने की मांग की गई.**




जिला कांग्रेस महगंज के कार्यालय में जिला समन्यवय समिति व सभी मोर्चा युवा, कांग्रेस तथा एनएसयूआई की संयुक्त बैठक आयोजित की गई. जिसमें जिले के प्रभारी मकसूद अहमद सहप्रभारी के पी. सिंह, पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना एवं जिले के अध्यक्ष हरिलाल कोल सहित समन्यवद समिति के सदस्यों सहित सभी ब्लाक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई महिला कांग्रेस सेवादल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में सर्वसम्मत्ति से महिला आरक्षण बिल 2023 को तत्काल लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया, साथ ही केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा महिला-आरक्षण पर फैलाये जा रहे भ्रम की कड़े शब्दों में निंदा की गई. जिले के प्रभारी ने मऊगंज जिले अंतर्गत मऊगंज व देवतालाब वि.स.क्षेत्र में 30-30 हजार कांग्रेस कार्यकत्ताओं को बनाने का लक्ष्य दिया गया. जिसको पूर्व विधायक द्वारा स्वीकार करते हुये कहा की हम 30 हजार के बजाय 50 हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करेंगे जो आने वाले समय में भाजपा की जनविरोधिक नीतियों के खिलाफ सं संघर्ष के लिये तैयार रहेंगे.